हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 अक्टूबर 2025



06 सीएमओ रविवार को आए सोमवार गए भाजपा...




10 '50 दिन से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन...



## खबर संक्षेप

### संभागीय जल उपयोगिता की बैठक आयोजित

**नर्मदापुरम।** रबी सिंचाई 2025-26 हेतु मंगलवार को संभागीय जल उपयोगिता की बैठक कार्यपालन यंत्री, तवा नहर संभाग सिवनी मालवा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी, उपयंत्री, अमीन एवं किसान संगठन के पदाधिकारी तथा किसान गण उपस्थित रहे। कृषकों द्वारा नहरों की साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य हेतू कहा गया जिसमें अधिकारियों द्वारा आश्वस्त कराया गया की नहर संचालन से पूर्व नहरों की साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य करवा दिया जाएगा। साथ ही किसानों द्वारा मांग की गई की 25 अक्टूबर 2025 को नहरों में रबी सिंचाई हेतू पानी दिया जावे जिससे कृषक समय पर बुआई कर सके।

### प्रेक्षक श्री सलूजा आज से रहेंगे जिले के भ्रमण पर

**नर्मदापुरम।** नगरीय निकाय पंचायत की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की कार्यवाही के परीक्षण के लिए मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री एसपीएस सलूजा सेवानिवृत आईएएस 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक जिले के भ्रमण पर रहेंगे।

### कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# कर्मचारियों, सचिवों और आउटसोर्स कर्मियों का वेतन ना रुकेः कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने आज आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में संभाग के हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिले में स्थित वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया का बारीकी से अध्ययन कर ले। प्रक्रिया को समझने के पश्चात नियमों के अनुसार ही वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि वन अधिकार के व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावे के आवेदन जनपद कार्यालयों में बिना कार्रवाई के रखे हुए हैं ऐसे आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई कर पात्र व्यक्तियों को वन अधिकार के एवं सामुदायिक वन अधिकार के दावे दिए जाएं।

**मंगलवार को कमिश्नर केजी तिवारी ने संभाग के विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली इस दौरान उन्होंने योजनाओं की समीक्षा की।**



### समस्त कर्मचारियों वेतन का हो भुगतान

कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी जिले के कलेक्टर्स नगर पालिका कर्मचारियों, पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों, आउटसोर्स कर्मचारियों, कंटीन्जेंसी के कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन तत्काल देना सुनिश्चित करें, साथ ही किसी भी स्थिति में इन कर्मचारियों का वेतन न रुके। यदि बजट नहीं है तो शासन से प्राथमिकता से बजट का आवंटन मांगा जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की जिन कर्मचारियों को दैनिक उपस्थिति के आधार पर वेतन दिया जाता है उन कर्मचारियों की दैनिक उपस्थिति लगाई जाए। किसी भी कर्मचारी का वेतन न रोका जाए।

### भावांतर योजना का व्यापक हो प्रचार-प्रसार

कमिश्नर तिवारी ने सोयाबीन हेतु भावांतर योजना के व्यापक प्रचार प्रसार कर किसानों के पंजीयन की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने कहा कि सोयाबीन की उपज लेने वाले जिन किसानों ने अब तक अपना पंजीयन नहीं कराया है। उन्हें व्यक्तिगत रूप से दूरभाष पर सूचित कर पंजीयन करने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अलावा कमिश्नर ने अन्य राजस्व प्रकरणों सहित नजूल लीज नवीनीकरण, भू अर्जन, वन व्यवस्थापन एवं राजस्व संग्रहण एवं राजस्व अभिलेख कार्य की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने आगामी सप्ताह में आने वाले पर्व एवं त्योहारो पर सभी जिलों में कानून एवं व्यवस्था की चाक चौबंद स्थिति रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंक आधारित विभिन्न विभागों कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी की एमएसएमई, जनजाति कार्य विभाग, अनुसूचित जाति विकास निगम, नगरीय प्रशासन, आदि की हितग्राही मूलक योजनाओ की अदयतन स्थिति की जानकारी ली और इन योजनाओं में हुई अब तक की प्रगति का अवलोकन किया।

### कार्यालय की साफ-सफाई कराने के दिए निर्देश

कमिश्नर ने सफाई को संस्थागत रूप देने के लिए कार्यालय में स्वच्छता एवं साफ सफाई अभियान प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय में वर्षों से जमा हुआ कबाड़, ई बेस्ट कचरा को नष्ट किया जाए, साथ ही पुराने फर्नीचर टूटे-फूटे आइटम, पुरानी फाइलों को नष्ट किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की आई गाट पोर्टल पर कर्मचारी स्वच्छता एवं सफाई पर आधारित एक न एक विभिन्न कोर्स अनिवार्य रूप से करें। सभी शासकीय कार्य ई ऑफिस सिस्टम से करने के निर्देश देते हुए कहा किसभी पत्रों पर ई साइन या डिजिटल साइन अनिवार्य रूप से किए जाएं।

# थाना कोतवाली पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

### 241.99 लीटर अवैध शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा (भापुसे) द्वारा जिला नर्मदापुरम में अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन के संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए पहले मामले में दिनांक 14.10.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अवैध शराब विक्रय से जुड़ा व्यक्ति नीतेश उर्फ रीतेश कुचबंदिया पानी की टंकी के पास कचरापट्टी स्थिति एक निर्माणाधीन मकान में शराब रखे हुए है।

सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस दल मौके पर पहुँचा, जहाँ पुलिस की सूचना मिलते ही आरोपी भाग निकला। जांच के दौरान मौके से खाकी रंग के सीलबंद कार्टून में 05 पेटी देशी मदिरा प्लेन कुल 45 लीटर, कीमत रू 15,000 बरामद की गई। आरोपी नीतेश उर्फ रीतेश कुचबंदिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक 848/25, धारा 34 (1) आबकारी अधिनियम अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी शेष है। दूसरा मामले में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आयुष लुटारे पिता सुरेन्द्र लुटारे, उम्र 20 वर्ष, निवासी कोठी बाजार को गिरफ्तार किया। आरोपी आयूष लुटारे के कब्जे से 1. 20 बाटल हंटर बीयर 650 एमएल की कुल 13 लीटर, 2. 27 बाटल, हेवर्ड 5000 बीयर 650 एमएल की कुल 17.550 लीटर, 3. 98 बाटल, पावर 10000 बीयर 650 एमएल की कुल 63.700 लीटर, 4. 19 केन, पावर 10000 बीयर की केन 500 एमएल की कुल 09.500 लीटर, 5. 34 क्वाटर, मेक डवल नं01 व्हीसकी के 180 एमएल के कुल 06.120 लीटर, 6. 11 क्वाटर, 08 पीएम व्हीस्की 180 एमएल के कुल 01.980 लीटर, 7. 74 क्वार्टर, बेग पाईपर व्हीस्की 180 एमएल के कुल 13.320 लीटर, 8. 299 क्वार्टर, देशी मदीरा प्लेन के 180 एमएल के कुल 53.820 लीटर, 9. 22 क्वार्टर ऑफिसर च्वाईस व्हीस्की 180 एमएल के कुल 03.960 लीटर, 10. 23 क्वार्टर, ब्लेंडर्स प्राईड व्हीस्की 180 एमएल के कुल 04.140 लीटर, 11. 55 क्वार्टर, मैजिक मोमेंट वोडका 180 एमएल के कुल 09.900 लीटर, सभी एम पी एक्साइज की सील से सील बंद अवस्था मे पाये गये। आरोपी से बीयर एवं व्हिस्की की कुल 196.99 लीटर कीमत लगभग 82,380 अवैध शराब जब्त की गई, जो बिना किसी वैध लाइसेंस या अनुमति के उसके कब्जे में थी।

# जिले में जारी है पल्स पोलियो महा अभियान 11 हजार 967 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अंतिम दिन घर-घर जाकर पोलियो टीमों द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किया गया। सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत ने बताया कि 12 अक्टूबर से प्रारंभ हुए इस राष्ट्रीय अभियान के तहत मंगलवार को छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान के दौरान पोलियो टीमों ने कुल 93,462 घरों का भ्रमण किया और 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 11,967 छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक दी। मोबाइल टीमों ने ईंट भट्टों, दूरस्थ एवं हाईरिस्क क्षेत्रों में जाकर बच्चों को दवा पिलाने का कार्य किया।



सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखननगर का निरीक्षण किया तथा आमजन को प्रदत्त स्वास्थ्य सेवाओं और पोलियो टीमों के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही, जिला कोल्ड चैन कार्यालय में आयोजित सायंकालीन बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अभियान की विस्तृत समीक्षा की। जिले के निर्धारित लक्ष्य 1,51,363 बच्चों के विरुद्ध 1,49,092 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा चुकी थी, जो कि 98.5 प्रतिशत की उत्कृष्ट उपलब्धि है। बैठक में डीएचओ डॉ. सृजन सेंगर, डीआईओ डॉ. संदीप केरकेट्टा, जिला नोडल अधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विभिन्नल स्पर्धाओं में शालेय विद्यार्थियों ने बिखेरे कला के रंग

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिताओं का शुभारंभ गत दिवस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के सभी 9 संभागों के 22 निःशक्त/दिव्यांग विद्यार्थियों सहित कुल 468 विद्यार्थियों ने गायन, वादन, नृत्यकला, एकल एवं सामूहिक अभिनय तथा चित्रकला आदि विधाओं में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### कार और बस की आपस में जोरदार टक्कर

**नर्मदापुरम।** पिपरिया स्टेट हाईवे पर माखननगर में यात्री बस और कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना सोमवार रात करीब 9.30 बजे हुई। हादसे में कार ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। करीब 45 मिनट कार फंसे रहा। रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। कार और बस में बैठे 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल भेजा गया है। कार ड्राइवर बुरी तरह फंस गया था। राहगीरों की मदद से उसे बाहर निकाला जा सका। पुलिस के मुताबिक शिवहरे सर्विस कंपनी की बस है। जो नर्मदापुरम से पिपरिया की ओर जा रही थी। कार पिपरिया की ओर से नर्मदापुरम की ओर आ रही थी। दोनों तरफ रफ्तार तेज थी, जो आपस में टकरा गई।

### कलेक्ट्रेट जनसुनवाई कक्ष में आयोजित हुई जनसुनवाई

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन ने जनसुनवाई कक्ष में कुल 160 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया। सीईओ हिमांशु जैन ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत अवैध अतिक्रमण, आवास, शिक्षा, सीमांकन, राजस्व जैसी अन्य समस्याओं का समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान आवेदनकर्ता सुश्री पूर्वी पवार, ग्राम-दौड़ी, इटारसी ने आवेदन देते हुए बताया कि उनकी माता कला पवार आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति थी। माता की मृत्यु के उपरांत सुश्री पूर्वी पवार ने अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में जनसुनवाई में आवेदन दिया।

# पुलिस महकमे में 24 आरक्षक हुए इधर से उधर, एसपी ने जारी की स्थानांतरण सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

डीजीपी कैलाश मकवाना के आदेश के बाद जिले के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। एसपी साईं कृष्णा थोटा ने सोमवार देर रात 24 प्रधान आरक्षकों और आरक्षकों (चालकों) की तबादला सूची जारी की है। इस फेरबदल में कुछ पुलिसकर्मियों को 90 से 100 किमी दूर भेजा गया है, तो वहीं कुछ का तबादला थाने से चंद कदम दूर एसडीओपी कार्यालय में ही कर दिया गया है। तबादला सूची में पुलिसकर्मियों के नाम के आगे वाहन नंबर भी लिखे गए हैं। प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने हाल ही में पुलिस विभाग में फेरबदल के निर्देश दिए थे। इसी आदेश के पालन में एसपी साईं कृष्णा थोटा ने जिले के 24 प्रधान आरक्षकों और आरक्षकों, जो मुख्य रूप से ड्राइवर के पद पर हैं, को इधर से उधर किया है।

इस तबादला सूची में कुछ ट्रांसफर चर्चा का विषय बने हुए हैं, क्योंकि कुछ चालकों का तबादला सिर्फ दो कदम की दूरी पर ही किया गया है। वहीं, कुछ आरक्षकों को 90 से 100 किलोमीटर दूर की पोस्टिंग दी गई है।

आरक्षक राजेश पवारः थाना इटारसी से एसडीओपी कार्यालय, इटारसी, कार्यवाहक उमेश रघुवंशी, थाना रामपुर गुर्रा से थाना केसला, आरक्षक लोकेश यादवः उमनि. कार्यालय, नर्मदापुरम से थाना इटारसी, प्रधान आरक्षक कन्हैया गौरः थाना पथरौटा से थाना रामपुर गुर्रा, आरक्षक टिल्लू उइकेः थाना पथरौटा से थाना इटारसी, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक दिनेश चौकसेः एसडीओपी कार्यालय, इटारसी से थाना तवानगर, आरक्षक जयप्रकाश पाठेः थाना इटारसी से थाना पथरौटा आदि को भेजा गया है।

### पुस्तक यात्रा व कौशल विकास यात्रा का नर्मदापुरम में समापन

# 20 राज्यों के 300 जिलों में 500 स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंची पुस्तक व कौशल विकास यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

देश की अग्रणी कौशल और उच्च शिक्षा संस्था आइसेक्ट द्वारा आयोजित कौशल रथ, पुस्तक यात्रा और कौशल विकास यात्रा 2025 का सफल समापन हुआ।

यह यात्रा 6 अक्टूबर से शुरू होकर 20 राज्यों के 300 जिलों में फैले 500 स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुचीं। लाखों विद्यार्थियों, युवाओं तथा शिक्षकों को पुस्तक यात्रा और कौशल विकास यात्रा और भविष्य की तकनीकों से अवगत कराया गया। 14 अक्टूबर को पुस्तक यात्रा और कौशल विकास यात्रा का आगमन नर्मदापुरम शहर में हुआ। यात्रा का स्वागत आइसेक्ट के नर्मदापुरम के जिला प्रबंधक के संचालक पवन पटेल के द्वारा किया गया। तत्पश्चात आइसेक्ट कम्प्यूटर सेन्टर से मीनाक्षी चौक होते हुए पुस्तक यात्रा रैली के रूप में नर्मदापुरम शहर का भ्रमण करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एस पीएम नर्मदापुरम पहुँचीं। जहां पर यात्रा का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा जी,श्रीमत अनीता दुबे, योगेश तिवारी द्वारा किया गया। प्राचार्य राजेश शर्मा जी के द्वारा पुस्तकों का जीवन में महत्व और कौशल के बारे में बताया गया। पुस्तक यात्रा एवं कौशल विकास यात्रा के पूर्व में की गई प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए। रिप्पूसुधन जी द्वारा उपस्थित बच्चों को एआई लिटरेसी एवं वर्तमान में आईटी से संबंधित सभी जानकारी प्रदान की गई। संतोष उपाध्याय के द्वारा बच्चों को कौशल विकास यात्रा एवं पुस्तक यात्रा के बारे में जानकारी दी गई साथ ही रबिन्द्रनाथ टैगोर और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के सभी स्किल्स कोर्स के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एस. पीएम. नर्मदापुरम के प्राचार्य राजेश शर्मा जी द्वारा पुस्तक यात्रा एवं कौशल विकास यात्रा को एक सफल और ज्ञान को बढ़ाने वाली यात्रा बताया। साथ ही कहा कि ऐसी यात्रा होती रहनी चाहिए।






## खबर संक्षेप

### सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 15 अक्टूबर को

**बैतूल।** जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और युवाओं में खेल भावना जागृत करने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर को पुलिस परेड ग्राउंड बैतूल में क्लस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रातः 10 बजे किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके तथा मध्यप्रदेश शासन के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद खेल महोत्सव के सुचारु संचालन के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो आयोजन स्थल, प्रतिभागियों की सुविधा, खेल सामग्री, सुरक्षा एवं प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। सांसद खेल महोत्सव में बैतूल नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के दनोरा, बडोरा, खंडारा, भोगीतेड़ा, खडला, मलकापुर, टेमनी, बरसाली ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन,रस्साकसी, पि_, बास्केटबॉल, योगासन आदि में भाग लेंगे।

### कलेक्टर ने आदतन अपराधी को किया जिला बदर

**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आदतन अपराधी राजकुमार उइके को जिला बदर किया है। राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) एवं (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर ने राजकुमार पिता रामसिंह उइके उम्र 27 साल निवासी पाठइ थाना, शाहपुर तहसील को जिला बैतूल एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, खण्डवा एवं हरदा की राजस्व सीमाओं से 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया हैं।

### नपा फिर खाली, कर्मचारियों को 3 महीनों से नहीं मिला वेतन

# सीएमओ रविवार को आए सोमवार गए भाजपा पार्षदों ने जताई नाराजगी

### वर्तमान परिषद में निर्माण कार्य भी ठप, जनता में आक्रोश




हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

शहर में लंबे समय से निर्माण कार्य ठप्प पड़े है। कई इलाके सडक़, नाली, बिजली के पोल से वंचित हैं। सफाई व्यवस्था लचर पड़ी है। कई इलाकों में समुचित प्रकाश व्यवस्था नहीं है। नपा में सीएमओ भी नहीं है। आया राम गया राम की तर्ज पर बीते दो वर्षों में आधा दर्जन सीएमओ बदले जा चुके हैं। शासन ने आमला को जिस तरह से प्रयोगशाला बनाकर रख दिया है, उससे समूचा शहर कई साल पीछे चला गया है। बीते रविवार शासन के एक आदेश से नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी को आमला भेज जाता है, वही अभी महज़ चंद घंटे भी नहीं बीते थे कि सोमवार आते-आते शासन के ही एक आदेश पर नगरपालिका अधिकारी का मुलताई तबादला कर दिया जाता है। अब नगरपालिका फिर अधिकारी विहीन हो गई है। इस मसले की चर्चा पूरे शहर में जोरों पर है कि आखिर नपा में चल क्या रहा है? पूरे शहर में निर्माण कार्यों पर लगे लॉकडाउन जैसे हालातो पर आमजनता में आक्रोश भी पनप रहा है। लोग अब ये भी कहने लगे हैं कि शहर की कमजोर परिषद और यहां की कमजोर सियासत के कारण शहर का विकास प्रभावित हो रहा है।

#### सीएमओ को लेकर बेहद अजीबो-गरीब हालात

जानकारी के अनुसार लगभग ढाई वर्ष पहले जब तत्कालीन सीएमओ नीरज श्रीवास्तव का यहां से स्थानांतरण हुआ था, तब से अब तक कभी सीएमओ, तो कभी प्रभारी के भरोसे नगरपालिका चल रही है। जिससे नगरपालिका के हालात बुरी तरह प्रभावित हुए है। शहर में चर्चा है कि जो सिक्के कहीं नहीं चलते हैं, उन्हें आमला नपा में चलाया जाता है। इससे यहां बार-बार नपा में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अजीबो-गरीब हालात बीते रविवार को यहां देखने को मिला है, जब रविवार को यहां शासन ने एक विधिवत आदेश पर सीएमओ वीरेंद्र तिवारी को नियुक्त किया और महज 24 घंटे के भीतर फिर एक नया आदेश जारी कर उन्हें यहां से रवाना कर दिया। इस मौके पर भी आमला नपा में किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं की जाती है, जो शासन के स्वयं भ्रमित होने की गवाही और शहर में कमजोर सियासत की पुष्टि कर रही है।

#### कर्मचारियों में निराशा, वेतन के अभाव में कैसे मनेगी दिवाली

इधर नपा आमला में बीते 3 महीनो से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। दिपावली जैसा बड़ा त्यौहार सामने है। नपा में सीएमओ नहीं है, ऐसे में कर्मचारियों में घोर निराशा छा गई है कि आखिर फिर बिना वेतन के कैसे त्यौहार होगा और बिना वेतन के परिवार में कैसे गुजर बसर की जाएगी, ऐसे में कर्मचारियों में भारी निराशा है। इधर मंगलवार को नपा के दफ्तर पहुंचे भाजपा पार्षदों ने नपा में अधिकारी-कर्मचारियों की मनमानी, अनियमितता और वार्डों से किए जा रहे भेदभाव के हालातो पर अपनी नाराजी जताई। भाजपा पार्षदों ने दफ्तर से गायब रहने वाले इंजीनियर सहित कई कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगा दी। साथ ही नपा प्रभारी को ऐसे लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस देने की सिफारिश भी की है। इस मौके पर पार्षद संजय राठौड़, सुधीर अंबडकर, दीक्षा सूरजेकर और राकेश शर्मा उपस्थित थे।

#### पार्षदों ने कहा- चंदा करके पैसे देंगे, पर वार्डों में काम तो कराओ

आमला नपा की कमजोर सियासत से पूरे शहर में कामकाज ठप्प पड़ गए हैं। हालात ये है कि भाजपा के कई पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष से सिफारिश करते हुए कह दिया है, कि वार्ड में काम करवाओ, चंदा करके पैसे हम दे देंगे? इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिम्मेदारों ने शहर को बर्बादी के किस मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। आमला नपा में बढ़ रही अनियमिता, मनमानी, ठप्प कामकाज और आम जनता में बढ़ते असंतोष के बाद इलाके के कई संगठन और आमजनों में भी आक्रोश पनप रहा है। सरफराज, सुनील सोनी, राजा सोनी, बिट्टू सूर्यवंशी, कपिल उसरेते,संतोष कहार,रीता साहू, सोनू साबले, मुकेश मोरे गजानन पवार सहित दर्जनों लोगों ने बताया है कि पूरा शहर भाजपा कांग्रेस की चक्की में पिस रहा है। ऐसे में आमजनों को ही सडक़ों पर उतरना पड़ेगा, तभी शहर बचाया जा सकता है।

#### हल निकाला जाएगा

मैं शासन का कर्मचारी हूं, जैसा भी शासन आदेश करेंगी, वहां मुझे ड्यूटी करनी पड़ी।

- वीरेंद्र तिवारी,
नगरपालिका अधिकारी आमला

शासन के बार-बार बदलते आदेश के चलते सीएमओ को लेकर दिक्कत चल रही है, पर जल्दी ही इसका स्थाई हल निकाल लिया जाएगा।

-नितिन गाडरे,
अध्यक्ष, नगरपालिका आमला

### केंद्र से मिलेगी 25 लाख की पुरस्कार राशि

## जल संरक्षण में बैतूल ने देशभर में बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



**13499 जल संरक्षण कार्यों के साथ वेस्टर्न जोन में बैतूल तीसरे स्थान पर**

जनसहभागिता से जल संरक्षण के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने में जनजातीय बाहुल्य बैतूल जिले ने देश में अपनी पहचान बनाई है। केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान अंतर्गत प्रारंभ किए गए नवाचार जल संचय जन भागीदारी अभियान में बैतूल जिले ने वेस्टर्न जोन में तृतीय स्थान हासिल किया है। इसके लिए जिले को 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान भी की जाएगी। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के सतत मार्गदर्शन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के नेतृत्व में जिले ने यह उपलब्धि हासिल की हैं। एडिशनल सेक्रेटरी एवं मिशन डायरेक्टर नेशनल वॉटर मिशन ने कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई पत्र प्रेषित किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 तक जिले में 13499 जल संरक्षण कार्यों का सत्यापन किया गया है, जिसका अर्थ है कि यह सभी कार्य स्थल पर पूर्ण हो चुके हैं। इन कार्यों में खेत तालाब, स्टॉप डैम, कंटूर ट्रेंच, सोखपीट, चेक डैम, कपिलधारा, तालाब सौंदर्यीकरण आदि प्रमुख जल संरक्षण गतिविधियाँ शामिल रहीं। जिले में जल संरक्षण के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई गई। इसमें उद्योगों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। कम लागत और अधिक प्रभावी कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण एवं पुराने जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन किया गया। ग्रामीण अंचलों में हजारों कृत्रिम रिचार्ज स्ट्रक्चर और प्रत्येक गाँव में जल संरचनाएँ स्थापित कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया गया। स्थानीय संगठनों और जनसहभागिता से परियोजनाओं को स्थायित्व मिला। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए गए। परिणामस्वरूप बैतूल जिले ने जल संरक्षण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर देशभर में अपनी पहचान बनाई है।

### आंगनबाड़ी केंद्र झगडिय़ा में मनाया राष्ट्रीय पोषण माह

**बैतूल।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना बैतूल ग्रामीण सेक्टर बैतूल-2 के अंतर्गत आंगनवाडी केंद्र झगडय़ी में राष्ट्रीय पोषण माह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से जिले में प्रारंभ होकर 16 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने पोषण माह की थीम के अनुसार महिलाओं और बच्चों को स्थानीय उत्पादों, पौष्टिक खाद्य पदार्थों और खेलों के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर बने खाद्य पदार्थों से व्यंजन प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें पारंपरिक अनाजों और पौष्टिक सामग्री से स्वादिष्ट व्यंजन थे। कार्यक्रम में पंचायत सचिव रघुनाथ गोहे, सरपंच पुष्पलता झरबडे, ग्राम पंचायत सदस्य राकेश कोडले, बूथ अध्यक्ष तुलसी धुर्वे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकली, माया, तुलसीया परते, तुलसीया सरनेकर, सुशीला, नीतू एवं सहायिका निकिता निरापूरे सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष पर बैतूल बाजार में निकला भव्य पथ संचलन



**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को बैतूल ग्रामीण खंड के बैतूल बाजार मंडल में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं शस्त्र पूजन से हुई, जिसके पश्चात अमृत वचन और एकल गीत की प्रस्तुति दी गई। पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में भाग लिया। पथ संचलन जब नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा, तब स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, वहीं मातृशक्तियों ने अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किशोर पद्माकर, मुख्य वक्ता अभिषेक जैन एवं खंड कार्यवाह दिनेश चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पोषण वाटिकाओं का निर्माण करना अति आवश्यक



**बैतूल।** मेरा युवा भारत बैतूल और महिला बाल विकास द्वारा पोषण माह के अंतर्गत मंगलवार को पोषण युक्त व्यंजनों की प्रदर्शनी का संगोष्ठी और पोषणयुक्त भोजन की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पर्यवेक्षक महिला बाल विकास श्रीमती भुवनेश्वरी मालवी व पार्षद विनीत बारमासे, कंचना मुसरे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, समाजसेवी पम्मू मयूर राठौर की उपस्थिति में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ। यह पोषण माह कार्यक्रम 17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर भुवनेश्वरी मालवीय ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करना है। उन्होने कहा कि पोषण वाटिकाओं का करना निर्माण अति आवश्यक धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि समुदाय को पोषण कार्यक्रमों में शामिल करने और उन्हें जागरूक करने के लिए सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। समाजसेवी पम्मू मयूर राठौर ने स्वस्थ आहार लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर युवा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र पवार, शिवम राठौर, सरिता पवार, संगीता गोलर, जयन्ती गोलर, अनुसूइया हनवतकर, पुष्पा साबले, शशिकला कुमरे आदि मौजूद थे।




## राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि पर भारतीय मजदूर संघ ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस

**बैतूल।** विश्व के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई बैतूल द्वारा मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पूजन के साथ किया गया। जिला मंत्री पंजाबराव गायकवाड़ ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के राष्ट्रहित एवं श्रमिक हित में किए गए योगदान को याद करते हुए इस दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री मधुकर साबले, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश मंसूरिया, अध्यक्ष संपत दरवाई, जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड, सहमंत्री डॉ. गोविंद साहू, बिजली कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष चंद्रभान पंडाग्रे, सचिव विजय यादव, संतोष शिंदे और बाबूलाल पवार उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता मधुकर साबले ने दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के जीवन, उनके विचारों और राष्ट्रनिर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर बिजली कर्मचारी महासंघ से वामन कुंभारे, शिवराज झाडे, मुन्नालाल चडोकर, वरुण भोयर, राज्य कर्मचारी संघ से प्रकाश देवडे, संविदा स्वास्थ्य संघ से दीपक झरिया और योगेंद्र दवांदे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हम देश के उत्पाद पर भरोसा जताएंः डॉ पंडाग्रे

## स्वदेशी के संकल्प से ही भारत बनेगा आत्मनिर्भरः मोहन नागर

**विधानसभा सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लिया स्वदेशी का संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल




आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आमला में आयोजित विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए म.प्र.जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन नागर ने कहा कि स्वदेशी के संकल्प से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा और दुनिया के सामने एक स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप मे खडा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री अपने हर कार्यक्रम में और हर भाषण में स्वदेशी का पाठ पड़ा रहे हैं तो देश के नागरिकों का भी कर्तव्य है कि हम स्वदेशी को लेकर गम्भीर हों। हम अपने भोजन भजन एवं वेश भूषा में भी स्वदेशी को अपनाएं। सम्मेलन का शुभारंभ श्री नागर सहित भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश खण्डेलवाल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लन कर किया।

विधानसभा सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए विधायक डॉ पंडाग्रे ने कहा कि जब देश गुलाम था तब स्वदेशी के मंत्र के माध्यम से ही स्वाधीनता का बिगुल फूंका गया था। आज एक बार फिर से भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वदेशी का आह्वान किया है। आज हम अपने देश के उत्पादों पर भरोसा कर उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने मे प्रत्येक नागरिक की भागीदारी होनी चाहिये। वरिष्ठ नेता मुकेश खण्डेलवाल ने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत रक्षा, अंतरिक्ष, टेक्नोलॉजी एवं एनर्जी के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि हमे आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से विकसित भारत की नींव तैयार करनी है।

### घर के कमरे में दुपट्टे से युवती ने लगाई फांसी, मौत

**बैतूल।** बैतूल के पाढर चौकी क्षेत्र में सोमवार रात एक 22 वर्षीय युवती ने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती पहले ही बच्चेदानी की समस्या से जूझ रही थी और ऑपरेशन के बाद बच्चेदानी निकाल दी गई थी। इसके कारण वह लंबे समय से मानसिक तनाव में थी। जानकारी के अनुसार, युवती की शादी की बातचीत चल रही थी, लेकिन ऑपरेशन के बाद परिवार चिंतित था। इसी तनाव में सोमवार रात करीब 9 बजे उसने यह कदम उठा लिया। मां के घर लौटने पर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोडक़र देखा गया तो युवती फांसी पर लटकी हुई थी। सूचना पर पाढर पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश रायकवार और जांच अधिकारी विष्णु प्रसाद मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि युवती शादी के बाद संतान न होने की चिंता और मानसिक तनाव से परेशान थी।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में करें निराकरणः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में कुल 156 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। एक ही शिकायत के निराकरण के लिए आवेदकों को बार-बार जनसुनवाई में न आना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम बोरगांव निवासी सद्दू ने अनावेदक द्वारा खेत पर आने जाने का रास्ता बंद किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्रभात पट्टन तहसीलदार को प्रकरण की जांच करने निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम सलैया निवासी ज्योति चौकीकर ने आवेदन के माध्यम से जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम कान्हावाड़ी निवासी रैमाबाई ने अनावेदकों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई कर प्लाट से अवैध कब्जा दिलाए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।




#### राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम माहोली निवासी अर्जुन यादव ने राजस्व रिकार्ड दुरुस्त किए जाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील निवासी रामदास ने अनावेदकों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम कोठिया निवासी ग्राम वासियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थान पर ही किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएमएचओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

#### राशन कार्ड बनाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम डहरगांव निवासी नरेंद्र ने अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर सूर्यवंशी ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई निवासी सुमित्रा ने अधूरे निर्माण कार्य की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर सूर्यवंशी ने मुलताई सीएमओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम लोहारिया निवासी मनीष सोलंकी ने राशन कार्ड बनाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम कोल्हिया के ग्रामीणों ने पट्टा दिए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

**संक्षेप खबर**

### नकली मावा तो किया जब्त, कार्रवाई नदारद

**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में सैकड़ों दुकान मीठा,मावा,पनीर,दही,यही, लस्सी सहित अन्य खाद्य सामग्री बनाने की चल रही है।पर त्यौहारों पर ही जिला से टीम आती है सेंपल लेने के बाद चली जाती है।आज तक किसी दुकान पर शासन के निर्देश खाद्य सुरक्षा विधेयक या अधिनियम को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।इसी तरह से दीपावली के त्यौहार को आकर्षित करने वाले मालवा डेयरी सीमेंट रोड पंजाब बैंक के पास पर लगभग 4वार नक़ली मावा जप्त किया गया है। पर आज तक नोटिस जारी के अलावा कुछ नहीं पाया गया है।इस बार भी जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के आदेश अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान, तहसीलदार वैभव बैरागी,मनोज नामदेव खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह, कमलेश दिया बार ने पूर्व की तरह निर्धारित दुकान बीकानेर, सपना, राजस्थान मीठा की दुकान पर जांच की सैंपल लिए गए और पत्रकारों को आश्वासन दिया कि जांच को भेजेंगे रिपोर्ट आने पर कार्यवाही होगी।पर सरकार द्वारा जांच के लिए चलीत मशीन चलाई गई है। फिर वह कहां है।मावा नकली आ रहा है। फिर मावे की मिठाई क्यों नहीं दी गई सेंमपिल में यह सवाल उठाए हैं।

## सोमवार को एसडीएम की टीम ने उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया

# खाद वितरण सेंटरों में हो रही गड़बड़ी निरीक्षण के दौरान कम मिला स्टॉक

किसानो के लिए खाद की समस्या हमेशा से ही सिर का दर्द बनी रही है। डबल लॉक गोदामों पर भी कालाबजारी भी किसानों के लिए परेशानी बन रही है। सोमवार को अधिकारियों की टीम ने खाद वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया इस दौरान कई जगह स्टाक कम मिला जिस पर जांच के निर्देश दिए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

आने वाली फसल को लेकर किसानों ने यूरिया डीएपी खाद को खरीदने के लिए लगातार लाइन बढ़ती जा रही है। लेकिन अभी तक डबल लाक,एम पी, एग्रो में भी गड़बड़ी हो रही है। किसान, मजदूर को भी



**खाद का नियमित वितरण कराने के निर्देश**

शुक्रवार को कलेक्टर ने जिले में मार्कफेड गोदामों एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किए जा रहे खाद वितरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने विकास खंडवार प्रत्येक तहसीलों में खाद की वर्तमान उपलब्धता एवं भंडारण तथा कुल वितरण का गंभीरता पूर्वक अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए की जिले को प्राप्त खाद आवंटन के अनुरूप डबल लॉक गोदाम एवं सहकारी समितियां के माध्यम से खाद का निर्वात वितरण सुनिश्चित किया जाए। केंद्रों पर लगने वाली भीड़ पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की खाद वितरण के लिए बेहतर प्रबंधन तंत्र अपनाए एवं किसानों को की जाने वाली खाद वितरण की संपूर्ण एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जाए जिससे केंद्र एवं गोदाम पर अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित न हो। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां एवं मार्कफेड उचित सूचना तंत्र के माध्यम से किसानों तक वितरण दिनांक एवं समय की जानकारी नियमित प्रसारित करें जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने जिला विपणन अधिकारी को निर्देश दिए की मार्केट के तहत संचालित गोदाम की सतत निगरानी करें।

टोकन वितरण किया जा रहा है। किसान को मजदूर अपना टोकन वैंचर रहे हैं। प्रभारी अधिकारी किसान को उनकी ऋण पुस्तिका पर या आधार पर कोई टोकन वितरण नहीं किया गया है। जिनमें अधिकारी के लोगों को भी शामिल किया गया है। लेकिन अब सही अधिकारी जांच-पड़ताल कर रहे हैं।

प्राइवेट दुकान पर शासन के निर्देश अनुसार कृषि विकास अधिकारी तहसीलदार वरिष्ठ कृषिविकास अधिकारी की संयुक्त टीम ने खाद वितरणके प्रतिष्ठान पर जांच की जिसमें लाइसेंस,देयक पंजी, कमोडिटी बोर्ड पी ओ एस मशीन से भोतिक मिलान किया गया तो क्रषिसंसार तहसील चौराहे पर भौतिक मिलान सही पाया गया। लेकिन क्रषि मंत्री के करीबी बताने बालै। मंडी रोड पर स्थित पीतांबरा टिरेडरस पर यूरिया खाद की 350बोरी कम पाई गई है। तथा अन्य अनेक कमियां पाई गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। तथा अभी कार्यवाही जारी रहेगी ऐसे आस्वादन दिया है। कार्यवाही करने पर बताया कि पीतांबरा टिरेडरस को नोटिस जारी कर अन्य दुकानों पर भी जांच की गई है।

## करोड़ों की लागत से बनी सड़क पर लगने लगे हैं जहां-तहां थेगड़े

### अधिकारी बोले-ठेकेदार करेगा काम, मेरा हुआ तबादला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद

पीपल चौक से रेलवे स्टेशन को स्टेट हाईवे से जोड़ने वाली सड़क मई -जून के महीने में ही पूर्ण हुई थी गुणवत्ता विहीन काम के चलते जगह-जगह से सड़क उधड़ने लगी है डिवाइडर भी टूट कर गिरने लगे हैं। ज्ञात हो कि रेलवे स्टेशन गुरमखेड़ी से पीपल चौक सेमरी हरचंद 1.40 किलोमीटर लंबी सड़क एक करोड़ 81 लाख की लागत से निर्माण हुई है निर्माण कार्य 21 दिसंबर 2023 से प्रारंभ होकर 20 जून 2024 को निर्माण कार्य पूर्ण होना इसके बोर्ड पर दर्शाया गया है जबकि अप्रैल 2025 तक इस सड़क का निर्माण कार्य चलता रहा सड़क का ठेका एस सी जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी नर्मदापुरम को दिया गया था ठेकेदार के प्रभाव के कारण लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी



मुख दर्शक बनकर निर्माण कार्य की लापरवाही और गुणवत्ता विहीन काम को चुपचाप देखते रहे अब आलम यह है कि सड़क पर जगह-जगह बारिश का जल भराव होने के कारण गड्ढे पड़ गए थे जिन पर ठेकेदार ने परफॉर्मेंस गारंटी के नाम पर थेगड़े लगा दिए हैं। इस संबंध में निर्माण कार्य बोर्ड पर अंकित एसडीओ राजीव पाठक से बात करने पर उन्होंने कहा कि सड़क गारंटी में है ठेकेदार 5 वर्षों तक उसकी देखरेख करेगा और सड़क की मरम्मत का काम भी करेगा मेरा तबादला दूसरे स्थान पर हो गया है ।

## अनूसूचित जाति जनजाति एकता संयुक्त महासंघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

भोपाल स्थित संयुक्त एकता महासंघ कार्यालय 74 बंगलों में अनूसूचित जाति जनजाति एकता संयुक्त महासंघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को संपन्न हुई । महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक मांडले ने विस्तृत जानकारी हमारे चैनल से साझा की।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में मुख्य बिंदु संगठन के विस्तार सामाजिक जन चेतना रणनीति एवं आगामी अधिवेशन पर चर्चा हुई कार्यकम की अध्यक्षता अभयराम चौधरी डीएसपी (सेवानिवृत) जिला नर्मदापुरम ने की । महासंघ की इस प्रदेश स्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनीतिक एवं न्याय संबंधी पर चर्चा हुई एवं निर्णय लेकर संगठन का विस्तार हुआ । महासंघ पदाधिकारियों के तत्वाधान में



संविधान के रखवाले भारत के चीफ़ जस्टिस श्री बी आर गवई की ओर सुप्रीम कोर्ट परिसर में मानसिक विकलांग संकीर्ण विचारक अधिवक्ता द्वारा जूता फेंकने की घ्रणित घटना की महामसंघ ने इसकी घोर निंदा करते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के नाम ज्ञापन थाना न्यू मार्केट, भोपाल में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा जिसमे उल्लेखित है कि भारत सरकार उस व्यक्ति पर तुरंत कठोर दंडात्मक कार्यवाही करें एफआईआर करके में जेल में डालें जिसने भारत की आत्मा एवं अस्मिता पर हमला किया।

इसके साथ ही ग्वालियर हाईकोर्ट के वकील अनिल मिश्रा का बार काउंसल लाइसेंस निलंबित करके दंडात्मक कार्यवाही करें जिसने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर को अंग्रेजों का गुलाम कहकर संबोधित किया है उनका यह वक्तव्य ना केवल संविधान की गरिमा का हनन है।

## अक्सर आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला जिम्मेदार नहीं दे रहे कोई ध्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र में लगभग देखा एवं पाया गया कि परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की तथा पर्यवेक्षक की लापरवाही से अक्सर आंगनबाड़ी केंद्र पर अनमितता काफी तथा ताला लगा रहता है। पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं लेकिन वह सिर्फ सेक्टर में जाकर बैठक काआयोजन कर वापस आ जातीं हैं। अधिकारी के द्वारा पिपरिया से मात्र 2किलोमीटर से लेकर 5किलोमीटर की भी आंगनबाड़ी केंद्र पर निरीक्षण नहीं किया जाता है ।या लापरवाही की जा रही है।या पर्यवेक्षक गुमराह कर रहे हैं। ग्राम पंचायत राईखेडी में दोपहर 2बजकर 30मिनिट में ताला लगा दिया और आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि उनकी पोलियो मुक्त के लिए डिप्यूटी लगी है ।सहायिका ने बताया कि उनकी सांस शांत हुई है तथा खुद को बुखार लग रहा था। इसलिए जल्दी ताला लगा दिया गया। परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी को फोन किया तो 3बार में फोन रिसीव नहीं किया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारियों के द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है।

## सोहागपुर में फिर गर्माया नप सफाई कर्मचारी से अभद्रता का मामला, नहीं हो रही कार्रवाई

### पुलिस में आवेदन देने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर फिर पहुंचे थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद के सफाई कर्मी रोहित महोरिया ने साबिर खान पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए 11 अक्टूबर को सोहागपुर थाने में शिकायती आवेदन दिया था। शिकायत में उल्लेख था कि 11 अक्टूबर की सुबह रोहित महोरिया राजेन्द्र वार्ड क्रमांक 07 में सफाई कार्य कर रहे थे। तभी साबिर खान ने गलत व्यवहार करते हुए महोरिया से जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी।

इस घटना से अन्य सफाई कर्मचारी भी आहत हुए थे। हालांकि आवेदन देने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई।




**पहुंचे जिलाध्यक्ष**

मामले में सोहागपुर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई ना करने पर मंगलवार को अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पीड़ित सफाई कर्मचारी सहित अन्य साथी दोबारा थाने पहुंचे। यहां सभी ने पुलिस से एफआईआर पर कार्रवाई बावत जानकारी मांगी। अजाक्स संघ जिलाध्यक्ष रविशंकर बाल्मीकि ने बताया कि थाना प्रभारी द्वारा उन्हें शाम तक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सड़क मार्ग नहीं होने से क्षेत्र के रहवासी आवागमन को परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



क्षेत्र की ग्राम पंचायत नंदवाड़ा के ग्राम भूचाल में आज भी सड़क निर्माणकार्य नहीं कराया गया है। जबकि यहां पर लगभग 260मतदाता है। लगभग 40मकान है। मतदान केंद्र भी विधानसभा चुनाव में तैयार किया जाता है। यहां पर नगरपालिका के द्वारा गौशाला संचालित है। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मुख्य मार्ग से जुड़ा हुआ है और मात्र 2किलोमीटर की दुरी पर है प्राथमिक शाला भी है शिक्षक बताते हैं। वर्षांत में आने पर एक हाथ में छाता एक में जूते पकड़ते हुए यहां आते हैं।14बचचे है 2शिक्षक है आंगनबाड़ी केंद्र भी है।सभी लोग परिवार लगभग बड़े लोग शामिल हुए हैं। फिर भी सांसद से लेकर सभीलोग जनप्रतिनिधियों को लेकर आयें है।पर सड़क निर्माणकार्य को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।इस बारे में उपसरपंच सुरेश पटेल ने बताया कि सैकड़ों बार जनप्रतिनिधियों से मांगा अधिकारी को अवगत कराया गया है। ग्राम सभा का प्रस्ताव तैयार किया गया है लेकिन शासन से सिर्फ आश्वासन दिया है।इस तरह इस वर्षभी मुश्किल हो रहा है।

## राज्य स्तरीय कोचिंग एवं वर्कशॉप में शामिल हुए सोहागपुर के प्रतिनिधि, किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

जवाहरलाल नेहरू पब्लिक स्कूल भोपाल में राज्य स्तरीय लागोरी रेफरी ओर कोचिंग वर्कशॉप का आयोजन गत दिवस किया गया। जिसमें प्रशिक्षक रूप में अमेच्योर लागोरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के चीफ रेफरी राजेंद्र पटेल के द्वारा कोचिंग का मार्गदर्शन दिया गया।

इस कार्यशाला में नर्मदांचल एकेडमी के संचालक सोनू शर्मा मप्र पुलिस, सचिव टारगेटबॉल संघ मध्यप्रदेश अभिषेक सिंह, मप्र लागोरी हंघ के अध्यक्ष आशीष मालवीया, उपाध्यक्ष ऋषभ गढ़वाल, सचिव आकाश वंशकार, कोषाध्यक्ष शिवम दुबे, संचालक शहीदे आजम स्पोर्ट्स फाउंडेशन मोनू सिंह ने सहभागिता की। मप्र के




सभी जिलों से आए निर्णायकों पवन गंगोलिया, अजय प्रजापति, प्रभाकर तिवारी, कमलेश ठाकुर, पीयूष सोनवाने, तुषार झरिया, कमल टिकैट, पलक राठौर, मयूरी भैसारे, रोहित यादव, तारा कुशवाहा, हर्ष रघुवंशी, सिद्धार्थ, आकाश सोनाने, विपिन यादव , आशु खान, आशीष सराठे, अंशु छाबड़िया, कौस्तुब दुबे आदि की सक्रिय भागेदारी से कार्यशाला परिणाम को पहुंची। आशीष मालवीय सोहागपुर को लागोरी संघ का मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं ऋषभ गढ़वाल उपाध्यक्ष, आकाश वंशकार सचिव तथा शिवम दुबे कोषाध्यक्ष नियुक्त किये गए।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर परिषद सोहागपुर को प्राप्त हुआ समूचे प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 का कार्य एक प्रतियोगिता के रूप में हुआ था। जिसमें मध्य प्रदेश के समस्त नगर निकाय सम्मिलित हुए थे। इस प्रतियोगिता में सोहागपुर नगर परिषद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। मंगलवार को नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल व कर्मचारियों ने पुरस्कार प्राप्त किया है।

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को रविंद्र भवन भोपाल में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा स्वच्छता सम्मान समारोह सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नगर परिषद सोहागपुर को 25 हजार से 50 हजार जनसंख्या की श्रेणी में 'फास्टेस्ट मूवर सिटी' केटेगिरी के अंतर्गत प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। आयोजन में राज्य मंत्री प्रतिमा बागड़ी, अपर प्रमुख सचिव संजय दुबे एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन विकास संकेत भोंडवे के द्वारा सुहागपुर नगर परिषद को सम्मानित किया गया। एवं सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

पुरस्कार प्राप्त करने सोहागपुर नगर परिषद अध्यक्ष



लता यशवंत पटेल एवं सफाई शाखा के अधिकारी तथा कर्मचारी भोपाल पहुंचे।

शहर के नागरिकों ने इस उपलब्धि पर नप के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी है। साथ ही नागरिकों ने सोहागपुर नप से अपेक्षा की है कि सम्मान के अनुरूप स्वच्छता के लिये मैदानी कार्य सतत रूप से किया जाए।

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान**

# वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दें: उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

मंगलवार को ओम साईं गार्डन में विधान सभा सम्मेलन हुआ नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर विधानसभा में आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित विधानसभा सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों से आग्रह किया कि हम सब मिलकर अपने-अपने क्षेत्र में स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करते हुए 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा दें। स्वदेशी उद्योगों को सशक्त बनाएं और



नवाचार को अपनाकर आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने सभी से कहा कि विदेशी सामग्री का बहिष्कार कर लोकल एवं स्वदेशी सामग्री को अपनाएं हमारे लोकल व्यापारियों को इससे अनेकों फायदे होंगे। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि स्वदेशी अब केवल एक नारा नहीं है,मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वदेशी की अवधारणा को विराट और व्यापक स्वरूप प्राप्त हुआ है। स्वदेशी का मतलब है - जो भारत में निर्मित हो, जिसमें भारत के श्रमिकों का पसीना लगा हो एवं जिसके निर्माण में भारत की युवा शक्ति की प्रतिभा लगी हो। इस दौरान पार्टी जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता मातृशक्ति मंडल अध्यक्ष गण सहित व्यापारी नागरिक बंधु उपस्थित रहे।

### नरवाई में आग लगने वाले किसान पर एफआईआर दर्ज

**माखननगर।** किसान कल्याण एवं कृषि विभाग की कृषि विस्तार अधिकारी की रिपोर्ट पर सुआखेडी के किसान उमेश कहार पिता घुड़िया कहार की खेत की नरवाई जलाए जाने पर माखन नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। कृषि विभाग के अधिकारी ने रिपोर्ट बताया है उमेश कहार ने विनोद पिता बारेलाल का आंचल खेड़ा स्थित हल्का नंबर 18 मैं खेत सिकमि लिया था जिसमें धान की फसल लगाई थी और फसल काटने के बाद नरवाई डंठल मैं आग लगा दी मौके पर जाकर पंचनामा बनाया गया उमेश कहार ने कलेक्टर दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन किया है कृषि विभाग ने बताया नर्मदा पुरम जिले में नरवाई में आग लगने पर प्रतिबंध है पुलिस ने उमेश कहार पर बीएन एस की धारा 223 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

## महाविद्यालयीन जिला स्तरीय कुश्ती स्पर्धा का आयोजन संपन्न

### खिलाड़ियों का संभागीय टीम के लिए हुआ चयन, स्मृति चिन्ह किए गए प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोमवार को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर में महाविद्यालयीन जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मेट पर पहलवानों ने अपने कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। कुछ खिलाड़ी संभाग स्तरीय टीम में चयनित किए गए हैं।

सोहागपुर महाविद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तथा अतिथि सत्कार के बाद स्पर्धा शुरू हुई। जिसमें जिले के 10 महाविद्यालयों से पहलवान सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में अतिथि रूप में शिक्षा समिति समिति अध्यक्ष कन्नूलाल



अग्रवाल, शासी निकाय अध्यक्ष कैलाश पालीवाल, सचिव हमीर सिंह चंदेल सचिव, सोहागपुर कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, डॉ. राजेश विश्वकर्मा, डॉ. राधेश्याम रघुवंशी, डॉ. विजय कुशवाहा आदि उपस्थित थे ।आयोजन को सफल बनाने में शालकराम सूर्यवंशी, हर्ष डोंगरे, राजकुमार कुरेले, कमलेश सराठे व येसुदास वंशकार ने सक्रिय सहभागिता की।

**ये हुए चयनित**

सोहागपुर में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर देवेंद्र गौर 57 किलोग्राम वर्ग शासकीय महाविद्यालय सिवनीमालवा, शिवा 67 किलोग्राम शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम, राजा तिवारी 86 किलोग्राम शासकीय महाविद्यालय सिवनी मालवा, प्रेम भाट 61 किलोग्राम वर्ग शासकीय महाविद्यालय इटारसी, आलोक विश्नोई 92 वर्ग शासकीय महाविद्यालय हरदा संभागीय प्रतियोगिता के लिये चयनित किये गए हैं। वहीं छात्राओं में करीना कुमारी 53 किलो वर्ग शासकीय महाविद्यालय टिमरनी, वैशाली कुशवाहा 50 किलोग्राम नेहरू महाविद्यालय सोहागपुर, जया भुरेले 57 किलो वर्ग शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम, भूमि मांझी 71 किलोग्राम में महाविद्यालय नर्मदापुरम का चयन अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में हुआ है। अब ये सभी खिलाड़ी संभागीय टीम से खेलेंगे। चयन समिति में डॉ. सत्य प्रकाश पटेल पचमढ़ी, डॉ. नितेश कनाटे टिमरनी, डॉ, राजेश कुमार पटवा माखन नगर, डॉ. अनूप साहू बनखेड़ी शामिल थे। वहीं क्रीड़ा अधिकारी के रूप में डॉ. प्रियंका चंदेल टिमरनी, डॉ. विनोद ग्वालवंशी पिपरिया, डॉ. अजय तिवारी नर्मदापुरम, सैयद हामिद अली सोहागपुर, डॉ नरेंद्र पांडे नर्मदापुरम, बीएसओ हेमराज सिंह नागा उपस्थित थे।

## संबल योजना के सभी लंबित प्रकरणों में लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्ती

# '50 दिन से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण अनिवार्य रूप से करें'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की 50 दिन से ऊपर की सभी शिकायतों का निराकरण अनिवार्य रूप से करें, जो शिकायतें बंद हो सकती हैं उनको फोर्स क्लोज कर बंद करावें। जिन विभागों की सीएम हेल्पलाइन संबंधित शिकायतें नॉट अटैंड होगी, उन पर कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। कलेक्टर ने फसल बीमा योजना के अंतर्गत बैंक की गलती की वजह से जो हितग्राही पात्र नहीं हो पा रहे हैं, उन प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही कर उसका निदान कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री जैन मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे थे।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लगातार द्वितीय स्थान पर रहने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह को बधाई देते हुए प्रशंसा पत्र देने हेतु निर्देशित किया। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति पर चर्चा की गई। उन्होंने सभी एसडीएम को संबल योजना के सभी प्रकरणों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा पखवाड़ा सप्ताह के तहत सभी विभाग के अधिकारियों को पुरानी, ऑफिस सामग्री, फर्नीचर की सूची बनाने के निर्देश दिए ताकि आगामी दिनों में सामग्रियों की नियमानुसार नीलामी की जा सके। उन्होंने सीएम मोनिट और सीएस मॉनिट के सभी प्रकरणों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को तौल कांटा चेक करने रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण निरस्त करने के पूर्व प्रकरण की पूर्ण छानबीन अवश्य कर ले, इसके बाद ही प्रकरण को निरस्त करें। बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली के प्रकरणों में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजलि जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित सभी एसडीम एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्न कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजलि जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में मांगीलाल नाथ पिता रामचरण नाथ निवासी ग्राम चारखेड़ा मालौना महोल्ला ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर अपनी बीमारी के लिए सहायता राशि दिलाने की मांग की, जिस पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आवेदकगण कमलेश पिता राधेश्याम छरंग, निवासी ग्राम आदमपुर, तह. हंडिया एवं सत्यनारायण पिता प्रहलाद गाडरी, निवासी ग्राम मनोहरपुरा, तह. हंडिया ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर बताया कि ग्राम बमनई स्थित कृषि भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण हमारी कृषि भूमियों में आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिस पर कलेक्टर श्री जैन ने तहसीलदार हंडिया को आवेदकों की समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर सभा कक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया था। इस दौरान जनसुनवाई के आवेदन लेने एवं रिकार्ड संधारित करने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। अनीता पंद्रम की ड्यूटी रजिस्टर पर आवेदन पत्रों की एंट्री करने हेतु लगाई गई थी। अत्यधिक शोर शराबा होने के कारण अनीता का बीपी हाई होने के कारण उसे चक्कर आने लगे तत्काल सहयोगी साथियों ने उसे अलग स्थान पर बैठाया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर सुश्री पंद्रम के स्वास्थ्य सुधार हेतु चिकित्सक के पास भेजा गया। वर्तमान में उनकी तबीयत ठीक है। उन्होंने बताया कि अधिक कार्य एवं भीड़ भाड़ के कारण उनका बीपी बढ़ गया था एवं चक्कर आ रहे थे वर्तमान में वे ठीक हैं।

## 24 घंटे में स्पष्टीकरण नहीं तो कार्रवाई

# पार्षदों का कांग्रेस विधायक के साथ होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष का अल्टीमेटम



**हरदा।** सिराली नगर परिषद के 13 पार्षदों ने सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव कांग्रेस विधायक डॉ. आर.के. दोगने के साथ कलेक्टर को सौंपा गया। पार्षदों ने अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार, विकास कार्यों में कमी और तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इस मामले को लेकर मंगलवार को भाजपा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सफाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा ने दावा किया कि उनकी पार्टी के किसी भी पार्षद ने कांग्रेस विधायक के साथ कलेक्टर से मुलाकात नहीं की। जिलाध्यक्ष वर्मा ने बताया कि सभी पार्षदों से इस संबंध में चर्चा की गई है और सभी ने कांग्रेस विधायक के साथ जाने से इनकार किया है। उन्होंने सभी पार्षदों को 24 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है। यदि समय पर स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पार्षदों का नेतृत्व कर रही पायल कुशवाहा ने भी एक वीडियो जारी कर कांग्रेस विधायक के साथ न होने की बात कही है। टिमरनी के पूर्व विधायक संजय शाह ने कहा कि उनका परिवार बड़ा है, और पार्षदों व अध्यक्ष के बीच मनमुटाव हो सकता है, जिसे वे बैठकर सुलझाएंगे। उन्होंने कांग्रेस विधायक पर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया। सोमवार को सिराली नगर परिषद के 13 पार्षदों ने हरदा से कांग्रेस विधायक डॉ. आर.के. दोगने और कांग्रेस के जिला प्रवक्ता आदित्य गार्गव के साथ कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से उनके कक्ष में मुलाकात की थी। अध्यक्ष के खिलाफ लिखित में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

### समिति की बैठक आज होगी

**हरदा।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 15 अक्टूबर को होगी। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सोनम वाजपेई ने बताया कि यह बैठक 15 अक्टूबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से कार्यालय कलेक्टर सभागृह, हरदा में आयोजित की गई है। बैठक में रबी सिंचाई वर्ष 2025 हेतु तवा बांयी तट मुख्य नहर में जल प्रवाह छोडे जाने की तिथि एवं पानी की मांग का निर्धारण, रबी सिंचाई हेतु कृषि विभाग द्वारा की जा रही तैयारियां जैसे खाद, बीज, कीटनाशक इत्यादि एवं फसल चक्र संबंधी सुझाव, रबी सिंचाई हेतु विद्युत आपुर्ति सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# घंटाघर बाजार क्षेत्र रहेगा 17 अक्टूबर से दीपावली तक 'नो व्हीकल जोन' घोषित

## आमजन की सुविधा के लिए यातायात पुलिस ने तैयार किया विशेष योजना प्लान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

दीपावली पर्व के दौरान यातायात दबाव को नियंत्रित करने और आम जन की सुविधा लिए यातायात पुलिस ने विशेष योजना प्लान तैयार किया है। इसके तहत घंटाघर बाजार क्षेत्र को 17 अक्टूबर से दीपावली तक 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया गया है। यातायात थाना प्रभारी उमेश ठाकुर ने बताया कि इस अवधि में घंटाघर बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार के चारपहिया या दोपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। केवल पैदल यात्री ही इस क्षेत्र में आवागमन कर सकेंगे। वाहनों के लिए अस्थायी मार्ग परिवर्तन भी किए गए हैं।

खेड़ीपुरा नाका की ओर जाने वाले वाहन जामा मस्जिद, हाजी चौक, शनि मंदिर, खेड़ीपुरा नाका मार्ग से होकर गुजरेंगे। वहीं, खेड़ीपुरा नाका से हरदा शहर की ओर आने वाले वाहनों को हरसूद वाली गली, जैसानी चौक, गणेश चौक, टाँक चौराहा से डायवर्ट किया जाएगा।

### पार्किंग की व्यवस्था रहेगी

बाजार आने वाले नागरिकों के लिए पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके लिए नार्मदेव धर्मशाला परिसर, जामा मस्जिद के सामने का ग्राउंड और शनि मंदिर के पास स्थित पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों और पार्किंग स्थलों का पालन करें।

इसके साथ ही, यातायात पुलिस के निर्देशों का सहयोगपूर्वक अनुपालन करें ताकि दीपावली पर्व पर शहर की यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनी रहे।

## जिले में अत्यधिक वर्षा के कारण अन्नदाताओं की सभी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं

# किसानों की मांगों को लेकर जिला कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




जिला कांग्रेस ने किसानों की फसलों के सर्वे में अनियमितता को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम पुरुषोत्तम कुमार को सौंपा है। कांग्रेस ने पटवारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल गिरदावरी में सुधार की मांग की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने बताया कि जिले में अत्यधिक वर्षा के कारण किसानों की सभी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। इसके बावजूद, किसानों को अभी तक सरकार की ओर से कोई राहत राशि या बीमा लाभ नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वर्ष खरीफ फसल के सर्वे में हंडिया तहसील के पटवारी ने गिरदावरी में 'रिक्त' दर्ज कर दिया है। इस प्रविष्टि के कारण संबंधित किसानों को न तो राहत राशि मिलेगी और न ही बीमा लाभ। विश्नोई के अनुसार, यह पटवारी की घोर लापरवाही है, क्योंकि यह कार्य बिना पंचनामा बनाए और किसानों को सूचित किए बिना किया गया है। जिला कांग्रेस ने बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों से भी अधिक बारिश और प्राकृतिक आपदाओं से फसलें खराब होती रही हैं, जिससे किसान आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं और उन्हें आगामी रबी सीजन की बुवाई में परेशानी हो रही है।

कांग्रेस ने तत्काल गिरदावरी में सुधार करने की मांग की है ताकि किसानों को राहत राशि और बीमा लाभ मिल सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि जिला प्रशासन ने केवल सोयाबीन का सर्वे किया है, जबकि मक्का, ज्वार और अरहर जैसी अन्य फसलें छोड़ दी गई हैं। कांग्रेस ने सभी फसलों का सर्वे कर सभी किसानों को राहत राशि और बीमा लाभ देने की मांग की है, ताकि किसान ठगा हुआ महसूस न करें।

# भावांतर योजना के तहत पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर ने लगाई जमकर फटकार

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराएं।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने भावांतर योजना के तहत किसान पंजीयन एवं पंजीयन केंद्रों की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कई नोडल अधिकारियों द्वारा पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण नहीं करने पर जमकर फटकार लगते हुए कहा कि भावांतर योजना किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना है। भावान्तर योजना के संचालन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जायेगा। उल्लेखनीय है कि भावांतर योजना के सफल संचालन के लिये कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा भावांतर योजना की व्यवस्थाओं के लिये अनेक विभागों के जिला अधिकारियों को नोडल अधिकारियों बनाया गया है। भावांतर योजना के तहत अभी तक 26 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करा लिया है। बैठक में जिपं सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसमें अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविंद्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा आदि मौजूद थे।

# मौसम ने बदली करवट, मानसून की विदाई अब रातें होंगी सर्द, गुलाबी ठंड की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले में मानसून सीजन की समाप्ति के साथ ही अब मौसम ने करवट ले ली है। भले ही यह खबर 'टूटी उम्मीदें' लेकर आई हो, क्योंकि इस साल औसत से करीब 60 एमएम कम बारिश दर्ज हुई है, लेकिन सीहोर सहित पश्चिमी मध्यप्रदेश के 40 से अधिक जिलों से मानसून की आधिकारिक वापसी हो चुकी है। असर अब बदले हुए मौसम पर दिखने लगा है और इसी के साथ गुलाबी सर्दी ने जिले में दस्तक देना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड में हुई बर्फबारी के चलते उत्तरी ठंडी हवाओं का रुख इस संभाग की तरफ हो गया है। यही कारण है कि अब दिन की गर्मी कम होगी और रातें ठंडी होने लगेंगी। यानि अब जिलेवासियों को जल्द ही गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस हो सकती है। जहां एक ओर औसत बारिश 1148.4 (एमएम) से कम आंकड़े ने किसानों को चिंतित किया है। इस वर्ष 1088.7 एमएम दर्ज, वहीं कुछ क्षेत्रों में अच्छी बारिश भी हुई है। बुदनी में 1590.2 एमएम और भैरुंदा में 1238.0 एमएम बारिश हुई।

### अवैध मदिरा के विक्रय के 11 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन की रोकथाम हेतु कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने ग्राम कमताड़ा, रन्हाईकला, दीपगांव, कढ़ौला राधो, सावलखेड़ा, कूकड़ापानी में दबिश देकर कुल 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 39 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब, 17 पाव देशी मदिरा मसाला शराब एवं 730 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 11 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 79710 रुपए है।

### नर्मदापुरम व बैतूल के बीच हुआ संभाग स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच



**हरदा।** संभाग स्तरीय शालेय क्रिकेट 17 वर्ष बालक वर्ग की प्रतियोगिता नेहरू स्टेडियम हरदा में आयोजित की गई। जिसमें लीग मैच का आयोजन किया गया। प्रथम मैच नर्मदापुरम विरुद्ध बैतूल के बीच खेला गया। जिसमें बैतूल ने 113 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें हिमांशु ने 68 रन की पारी खेली जवाब में नर्मदापुरम ने 8 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर मैच जीता। इसमें आराफ़ कुरैशी ने 41 रन एवं शरद चोरे ने 59 रन बनाएं दूसरा मैच हरदा विरुद्ध बैतूल के बीच खेला गया। जिसमें बैतूल ने पहले बैटिंग करते हुए 72 रन बनाए। हरदा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए यथार्थ डूडी ने 5 विकेट लेकर 35 रन की शानदार पारी खेली और हरदा टीम 6 विकेट से विजयी रही। तीसरा मैच नर्मदापुरम विरुद्ध हरदा के मध्य खेला गया। जिसमें नर्मदापुरम ने 12 ओवर में 134 रन का स्कोर बनाया। लक्ष्य में हरदा टीम 61 रन से नर्मदापुरम विजेता हरदा उप विजेता रही है। इसमें जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट क्रिकेट कोच महमूद कुरैशी नर्मदापुरम से अर्पण दुबे संजय यदुवंशी बैतूल से अनिल तुरिया आशीष सेवारिक देवीलाल विश्वकर्मा प्रदीप गुर्जर बसंत वैष्णव आनंद तिवारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग से समन्वयक सलमा खान संदीप सौदे आदि उपस्थित थे।

## प्रेसवार्ता में परिषद अध्यक्ष पर लगे आरोप, पूरा शहर ही अवैध कॉलोनी में बसा..

# जनता के लिए करना पड़ता है सड़कों का निर्माण: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया



नगर परिषद खिरकिया अध्यक्ष इंद्रजीत खनूजा की कार्यशैली के खिलाफ परिषद कार्यालय में उपाध्यक्ष विजयंत गौर, पार्षद नितिन गुप्ता, पार्षद सोनम सोनी, पार्षद लक्ष्मी यादव, पार्षद सुरेंद्र आठनेरे, पार्षद फूलवती बाई, पार्षद नेहा दुआ ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता में यह बताया कि अध्यक्ष अपनी मर्जी से परिषद चला रही हैं। अध्यक्ष खनूजा का मकान अवैध कॉलोनी में स्थित है और घर के आसपास चारों ओर लाखों रुपए की लागत से नियम विरुद्ध तरीके से सड़कों का निर्माण कर दिया। वार्ड 6 की पार्षद सोनम सोनी ने कहा कि उनके वार्ड में ही अध्यक्ष का निवास स्थित है और जब उन्होंने अध्यक्ष से यह पूछा कि अवैध कॉलोनी में सड़क का निर्माण कैसे किया गया तो उन्होंने कोई भी जवाब नहीं दिया। कई अन्य सड़क अधूरी पड़ी है जिनका निर्माण नहीं किया गया। पार्षद लक्ष्मी यादव ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा कभी भी 3 साल के दौरान पार्षदों को सहयोग नहीं किया गया। बीते करीब 2 माह से संगठन के पदाधिकारी अध्यक्ष को इस्तीफा के लिए बोल रहे हैं लेकिन अध्यक्ष इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं। उपाध्यक्ष विजयंत गौर ने कहा कि छीपाबड़ में करीब 70 लाख की लागत से अटल सरोवर पर निर्माण किया जा रहा है जो घटिया है। ठेकेदार को सुधार कार्य करने के संबंध में अध्यक्ष द्वारा कोई भी निर्देश नहीं दिए जाते हैं वार्ड 12 में सड़कें बनने के साथ ही उखड़ गई हैं। अध्यक्ष पति महेंद्र खनूजा नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारियों को काम करने का निर्देश देते हैं जो कि नियम विरुद्ध है। पार्षद नितिन गुप्ता ने कहा कि जब वे एक फाइल का निरीक्षण करने परिषद कार्यालय पहुंचे तो उनके खिलाफ झूठी शिकायत थाने में की गई। पार्षद को परिषद के कार्य और फाइलें देखने का अधिकार होता है ताकि जनता को यह बताया जा सके कि नगर परिषद के हिसाब से काम कर रही है।

वार्ड 4 की पार्षद नेहा दुआ ने कहा हमारी आज तक परिषद में महिला पार्षद होने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। शहर की सबसे ऐतिहासिक धरोहर वार्ड 4 मेरे वार्ड में ही स्थित है। 3 साल बाद भी गांधी चौक के पुनर्निर्माण को लेकर कोई भी सार्थक प्रयास अध्यक्ष द्वारा नहीं किए गए जिससे भवन पूरी क्षतिग्रस्त हो गया है। नेहा दुआ ने कहा कि पार्षद जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि होते हैं यदि वे अध्यक्ष के काम से खुश नहीं है तो इसका मतलब यह है कि जनता खुश नहीं है। पार्षदों ने कहा कि महीनों बीत जाने के बाद भी अध्यक्ष द्वारा परिषद का साधारण सम्मेलन और पीआईसी की बैठक नहीं बुलाई गई है जिसके चलते शहर में सड़क, नाली, पानी के सभी काम पूरी तरीके से रुक गए हैं जनता परेशान हो रही है। बीते दिनों नगर परिषद के मुद्दे को लेकर व्यापारियों की बैठक कर लेकर भी महिला जनप्रतिनिधि बेहद नाराज नजर आईं। उनका कहना था कि जब इस प्रकार की कोई बैठक बुलाई गई थी तो पार्षद महिला जनप्रतिनिधियों को भी बुलाना था ताकि वह अपना पक्ष व्यापारियों के सामने रख सके।

### इनका कहना है

पूरा शहर ही अवैध कॉलोनी में बसा हुआ है, इस कारण सड़क निर्माण नगर परिषद को कराने पड़ते हैं। मेरे घर के सामने की सड़क पूर्व परिषद में निर्माण के लिए रखी गई थी इसलिए मेरे कार्यकाल में सड़क का निर्माण हुआ है। परिषद की बैठक और पीआईसी की बैठक के संबंध में सीएमओ को निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द दोनों बैठक बुलाई जाएं। नगर परिषद द्वारा जो बाजार वसूली की जाती है उसका पूरा हिसाब परिषद कार्यालय में मौजूद है। आने वाले दिनों में 10 वार्डों में 10 सड़कों का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है पक्षपात जैसा कुछ भी नहीं है।

**इंद्रजीत खनूजा,** अध्यक्ष नगर परिषद खिरकिया